दैनिक भास्कर 21/12/2019

कड़ी चुनौती • 2014 में 3.09 अंकों के साथ मिली थी ए ग्रेड, इस बार चुनौती 3.50 अंकों की

# डीएवीवी में नैक टीम का निरीक्षण आज से तीन दिन तक, उपलब्धियों और बदलावों का होगा प्रेजेंटेशन

## ग्रेड के लिए टेस्ट

भास्कर संवाददाता | इंदौर

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की आठ सदस्यीय टीम गुरुवार से तीन दिन तक देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करेगी।

सुबह 9 बजे तक्षशिला कैंपस से इसकी शुरुआत होगी। बुधवार शाम तक ज्यादातर सदस्य इंदौर पहुंच गए थे। पांच साल पहले यानी 2014 में 3.09 अंकों के साथ ए ग्रेड लाने वाली यूनिवर्सिटी इस बार 3.50अंकों तक पहुंचने की चुनौती के लिए तैयार है। पांच साल में हुए 15 बड़े बदलावों और उपलब्धियों के बूते यूनिवर्सिटी ने तैयारी पूरी कर ली है। पहले दिन कुलपति भी प्रेजेंटेशन देंगी।

## पांच साल में अकादमिक उपलब्धियां : 2014 में यूटीडी में 165 कोर्स थे, जबकि अब 215 कोर्स पढ़ रहे छात्र

- 2014 तक तीन विभागों का स्पेशल असिस्टेंस प्रोग्राम (सैप) अब 7 विभागों तक पहुंच गया है। 2014 में डीएवीवी के टीचिंग विभागों में 165 कोर्स थे। यह संख्या अब 215 पर पहुंच गई है। पांच साल में बीए और बीएससी ऑनर्स जैसे अहम कोर्स के साथ 8 नए एमबीए कोर्स भी शुरू हुए।
- तब महज दो विभागों तक सीमित चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम अब सभी 29 विभागों में लागू कर दिया गया है।
- पांच साल में छात्र संख्या 8380 से 11 हजार 500 पहुंच गई है।
- टीचिंग विभागों में औसत प्लेसमेंट 54 से 71% पर पहुंच गया है। 24 मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स शुरू किए गए हैं।
- 212 प्रोफेसरों के 2 हजार से रिसर्च पेपर पब्लिश हुए। इनमें से 80 फीसदी मान्य जर्नल्स में हुए।
- यूनिवर्सिटी के टीचिंग विभागों में 161 पीएचडी गाइड हैं। इनके मागदर्शन में 400 से ज्यादा शोधार्थी पीएचडी कर रहे हैं।

## सामाजिक और छात्र सुविधाओं से जुड़ी उपलब्धियां

- यूटीडी ने 12 गांव गोद लिए, 50 टीबी मरीजों की भी देखभाल कर रहे हैं।
- दोनों कैंपस में सेंट्रल ई लाइब्रेरी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अन्य छात्रों को भी सामाजिक सरोकार के तहत मौका दिया जा रहा है।
- पूरे तक्षशिला परिसर के लिए आधुनिक रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया।
- सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त किया गया कैंपस।
- ज्यादा टीचिंग विभागों में छत पर सोलर पैनल लगाए। बिजली और पैसों की बचत।

## कुलपति कप्तान और ये है उनके 10 खिलाड़ियों की टीम

- कुलपति प्रो. रेणु जैन कप्तान की भूमिका में। उनका ओवरऑल उन्हीं का प्रेजेंटेशन डीएवीवी की दशा और दिशा बताएगा।
- टीम के समक्ष निरीक्षण में उपलब्धियों को अपने तरीके से बताने का जिम्मा प्रो. एके सिंह का रहेगा। पूरी प्लानिंग उन्हीं के मार्गदर्शन में हुई है।
- आईक्यूएसी सेल प्रभारी डॉ. अशोक शर्मा का प्रेजेंटेशन अकादमिक और स्टूडेंट से जुड़े तमाम बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करेगा।
- मीडिया स्टूडेंट से जुड़े समन्वय की भूमिका प्रो. चंदन गुप्ता की रहेगी।
- टीम के समक्ष एक-एक दस्तावेज को प्रभावी तरीके से रखने का जिम्मा डॉ. प्रत्योश बंसल का रहेगा।
- प्रशासनिक व्यवस्थाओं और उपलब्धियों के साथ ही एक-एक पॉलिसी की जानकारी रजिस्ट्रार अनिल शर्मा देंगे।
- प्रो. आशुतोष मिश्रा और डॉ. बीके त्रिपाठी देर रात तक उन बदलावों में जुटे रहे जो मॉक विजिट में खामियों के तौर पर सामने आए थे। टीम के समक्ष यह भी बड़ी चुनौती होगी कि कैसे उनके बारे में बताया जाए।
- कॉलेजों से संबंधित सारा डेटा डीसीडीसी डॉ. सुमंत कटियाल बताएंगे।
- छात्रों के हित के लिए डीएवीवी ने क्या कदम उठाए, रैगिंग रोकने को लेकर कितनी गंभीरता बरती। यह सब प्रो. एलके त्रिपाठी बताएंगे।
- फाइनेंस कंट्रोलर दिलीप वर्मा का भी प्रेजेंटेशन अहम होगा। नालंदा कैंपस में स्वच्छता और सुधार पर जो काम हुए वह डिप्टी रजिस्ट्रार प्रज्वल खरे बताएंगे। तक्षशिला के लिए यह जिम्मा डॉ. दीपक मेहता के पास होगा।
- समय पर सारी परीक्षाएं शुरू करने और शेड्यूल सुधार के बारे में परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी तथा सारे रिजल्ट समय पर जारी होने पर केंद्र प्रभारी राजेंद्र सिंह बताएंगे।

# डीएवीवी स्टूडेंट्स, फैकल्टी में वितरित की जाएगी किताब 'स्वच्छ भारत रिवॉल्यूशन'

## यूजीसी ने स्वच्छ भारत मिशन पर लिखी गई यह किताब ज्यादा से ज्यादा बांटने के निर्देश दिए

सिटी रिपोर्टर. इंदौर

यूजीसी ने देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वच्छ भारत मिशन पर लिखी पुस्तक स्वच्छ भारत रिवॉल्यूशन को ज्यादा से ज्यादा वितरित करने के निर्देश जारी किए हैं। यूजीसी ने पत्र लिखकर कहा है कि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों और उनसे संबद्ध कॉलेज के स्टूडेंट्स और एम्प्लॉईज को यह पुस्तक दी जाए। यूजीसी के सचिव प्रोफेसर रजनीश जैन ने पत्र में लिखा है कि स्वच्छ भारत मिशन को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है और इसे सभी संस्थानों को आगे बढ़ाना है। डीएवीवी छात्र कल्याण प्रभारी डॉ.

स्वच्छ भारत मिशन के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छ भारत रिवॉल्यूशन पुस्तक जारी की गई है। इसमें पांच साल के दौरान स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े लोगों के अनुभवों को साझा किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुस्तक की प्रस्तावना लिखी है। इस किताब का संपादन केंद्रीय पेयजल स्वच्छता सचिव परमेश्वरन अय्यर ने किया है। किताब में यह जानकारी दी गई है कि कैसे लोगों ने इस मिशन में अपना योगदान दिया। इस किताब में झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लिखा है कि राज्य में जन-जन की भागीदारी से किस प्रकार स्वच्छ भारत मिशन को

# यूजीसी ने दिए निर्देश, 26 नवंबर को यूनिवर्सिटीज़ में मनाया जाए संविधान दिवस

सिटी रिपोर्टर | यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों से 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्देश दिया है। आयोग ने देशभर के कुलपतियों को लिखे पत्र में देशभर के विश्वविद्यालयों से उस दिन विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन और मौलिक कर्तव्यों पर व्याख्यान आयोजित करने को कहा है। साथ ही आयोग ने इस संबंध में सूचना कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी लगाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कुलपतियों से अनुरोध किया है कि वे अपने विश्वविद्यालयों से संबद्ध संस्थानों में भी आयोजन सुनिश्चित कराएं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उच्च शिक्षा की सबसे बड़ी इकाई है और यह देशभर के विश्वविद्यालयों में समन्वय और मानकों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार है।